INDIRA GANDHI NATIONAL OPEN UNIVERSITY
REGIONAL CENTRE, JAIPUR
70/79, Sector-7, Patel Marg, Mansarovar, Jaipur, Rajasthan
Email: rcjaipur@ignou.ac.in;
website: www.rcjaipur.ignou.ac.in, www.ignou.ac.in

डॉ. ममता भाटिया
वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक

IG/RC/23/Admn./2026
दिनांक: 17.02.2026

**सार्वजनिक सूचना / महत्वपूर्ण परामर्श**

यह संज्ञान में आया है कि कुछ अनधिकृत व्यक्ति, कोचिंग संस्थान, बिचौलिये एवं ऑनलाइन एजेंसियाँ, IGNOU क्षेत्रीय केन्द्र, जयपुर के शिक्षार्थियों से असाइनमेंट, प्रायोगिक फाइल, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, शोध प्रबंध तथा अन्य शैक्षणिक कार्य तैयार करने के नाम पर धन की मांग कर रहे हैं।

**इस संबंध में सभी शिक्षार्थियों को निम्नानुसार सूचित किया जाता है:**

1. असाइनमेंट, प्रायोगिक फाइल, प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं परीक्षा संबंधी कार्य विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार शिक्षार्थी द्वारा स्वयं तैयार एवं जमा किए जाना अनिवार्य है।
2. किसी भी बाहरी व्यक्ति या संस्था से शैक्षणिक कार्य लिखवाना, तैयार करवाना, नकल करवाना या जमा करवाना (पूर्णतः या आंशिक रूप से) पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसे अनुचित साधन (Unfair Means) एवं शैक्षणिक कदाचार (academic misconduct) माना जाएगा।
3. विश्वविद्यालय ने किसी भी व्यक्ति, कोचिंग संस्थान या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को असाइनमेंट तैयार करने या विश्वविद्यालय की ओर से धन एकत्र करने हेतु अधिकृत नहीं किया है।
4. यदि कोई शिक्षार्थी निम्नलिखित गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है:
   - असाइनमेंट या प्रायोगिक कार्य खरीदना या आउटसोर्स करना
   - नकल, गढ़ी हुई या साहित्यिक चोरी (Plagiarism) की सामग्री प्रस्तुत करना
   - शैक्षणिक कार्य हेतु अनधिकृत व्यक्तियों को भुगतान करना
   - किसी अन्य के कार्य को अपना बताकर प्रस्तुत करना

   तो उसके विरुद्ध विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**संभावित कार्यवाही में निम्न शामिल हो सकते हैं:**

- असाइनमेंट/प्रायोगिक अंकों की निरस्ती
- परीक्षा परिणाम रद्द या रोके जाना
- परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित करना
- प्रवेश/पंजीकरण निरस्त करना
- सक्षम प्राधिकारी द्वारा उचित कार्यवाही

कृपया ध्यान दें: नियमों की जानकारी न होने का तर्क किसी भी अनुशासनात्मक कार्यवाही में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

सभी शिक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे केवल आधिकारिक IGNOU अध्ययन सामग्री, कार्यक्रम मार्गदर्शिका (Programme Guide) एवं विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित शैक्षणिक परामर्श सत्रों का ही उपयोग करें। किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी या अनियमितता की सूचना तत्काल क्षेत्रीय केन्द्र को दें।

यह सूचना शैक्षणिक ईमानदारी एवं अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से जारी की जाती है। सभी शिक्षार्थियों के लिए इसका अनुपालन अनिवार्य है।

MBhatia

(डॉ. ममता भाटिया)
वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक

प्रतिलिपि:

1. सभी समन्वयक, IGNOU, क्षेत्रीय केन्द्र, जयपुर - सख्त अनुपालन हेतु।
2. कंप्यूटर अनुभाग, IGNOU, क्षेत्रीय केन्द्र, जयपुर - वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. सभी शैक्षणिक अधिकारी, IGNOU, क्षेत्रीय केन्द्र, जयपुर - सख्त अनुपालन हेतु।